29वीं राज्यस्तरीय बाल विज्ञान कॉन्ग्रेस का वर्चुअल शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

18 जनवरी, 2022 को राजस्थान की विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जाहिदा खान ने 29वीं राज्यस्तरीय बाल विज्ञान कॉन्ग्रेस का वर्चुअल उद्घाटन किया। इसके साथ ही उन्होंने वर्चुअल स्पेस एवं साइंस क्लब तथा 28 फरवरी को आयोजित होने वाले राजस्थान साइंस लिटरेचर फेस्टिवल के लोगो का भी अनावरण किया।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर जाहिदा खान ने कहा कि विभाग द्वारा बजट 2020-21 की अनुपालना में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों में वैज्ञानिक गतिविधियों के लिये साइंस एंड स्पेस क्लब एवं एस्टेरॉयड खोज अभियान चलाया गया है। साथ ही राज्य में वैज्ञानिक तकनीक को बढ़ावा देने एवं वैज्ञानिक शोधों को प्रोत्साहित करने के लिये स्टेट आईपीआर पॉलिसी भी जारी की गई है।
- राज्यस्तरीय बाल विज्ञान कॉन्ग्रेस के विभिन्न कार्यक्रमों के द्वारा ज़िला व राज्य स्तर पर बच्चों के द्वारा विज्ञान पर आधारित परियोजनाओं का प्रस्तुतीकरण किया जाता है, जिससे बच्चों में छुपे हुए वैज्ञानिक को अभिव्यक्ति का माध्यम मिलता है।
- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की सचिव मुग्धा सिन्हा ने इस राज्यस्तरीय बाल विज्ञान कॉन्ग्रेस कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि विभाग द्वारा इसमें 10 से 14 एवं 14 से 17 वर्ष आयु के बच्चों की प्रविष्टियों के दो वर्ग बनाए गए हैं। कार्यक्रम के तहत ज़िला स्तर पर प्राप्त कुल 811 प्रविष्टियों में से 87 का चयन किया गया था। इनमें से निर्णायकों द्वारा आज 30 प्रविष्टियों का चयन कर राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत हेतु भेजा जाएगा।
- उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा चलाए गए एस्टेरॉयड सर्च कैंपेन की देश भर में तारीफ की गई है। विज्ञान के क्षेत्र में विभाग द्वारा लगातार किये गए नवाचारों से राज्य में विज्ञान का परचम लहराएगा तथा बच्चों में विज्ञान के प्रति अलख जग पाएगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/virtual-launch-of-29th-state-level-children-s-science-congress